पत्र सं0–2प / वि0–17–01 / 2025 / 6936 / पं0रा0

**बिहार सरकार**

**पंचायती राज विभाग**

प्रेषक,

**नजर हुसैन,**
अपर सचिव

सेवा में,

**जिला पदाधिकारी,**
**मुजफ्फरपुर।**

पटना, दिनांक 03/6/2025

**विषयः–** **ग्राम पंचायत–मधेपुरा, प्रखंड–कटरा के उप मुखिया के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में मार्गदर्शन हेतु।**

**प्रसंगः–** **आपका पत्रांक–649 दिनांक 07.02.2025 ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के माध्यम से आपके द्वारा ग्राम पंचायत–मधेपुरा, प्रखंड–कटरा के उप मुखिया के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में विभाग से मार्गदर्शन देने की अपेक्षा की गयी है।

प्रतिवेदित समीक्षा के उपरांत विभाग का निम्न मार्गदर्शन संसूचित किया जाता है :–

1. उप मुखिया के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर विचार हेतु आयोजित विशेष बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा किये जाने का मार्ग–दर्शन विभागीय पत्रांक–8340 दिनांक 23.11.2015 के द्वारा निर्गत है।

2. उक्त परिप्रेक्ष्य में कटरा प्रखंड, ग्राम पंचायत मधेपुरा के उप मुखिया के विरूद्ध लाये गये अविश्वास प्रस्ताव हेतु आहूत विशेष बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा किया जाना विधिसम्मत प्रतीत होता है।

अनुरोध है कि कृपया उपर्युक्त मार्गदर्शन के आलोक में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

विश्वासभाजन

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

**ज्ञापांक**–2प / वि0–17–01 / 2025 / 6936 / पं0रा0 पटना, दिनांक 03/6/2025

**प्रतिलिपिः**–सभी जिला पदाधिकारी / उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद / जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

क०पु०उ०

**ज्ञापांक**–2प/वि0–17–01/2025/6936/पं0रा0 पटना, दिनांक 03/6/2025
**प्रतिलिपि**ः–आई०टी० प्रबंधक, पंचायती राज विभाग, बिहार को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(नजर हुसैन)
अपर सचिव